**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–15.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में रामगढ़ में आयोजित हुई दिशा की बैठक, इस दौरान विकास योजनाओं और विभिन्न विभागों की कार्यशैली की समीक्षा की।**
2. **ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सफल अनडॉकिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने तीन साथी सदस्यों के साथ पृथ्वी की वापसी यात्रा पर, आज शाम प्रशांत महासागर में उतरने की उम्मीद।**
3. **सावन की पहली सोमवारी पर कल राज्य के शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण।**
4. **खूंटी पुलिस ने लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट के अलग अलग मामलों में छह आरोपी किए गिरफ्तार, नकद, मोबाइल, हथियार और गोलियां बरामद।**
5. **मौसम विभाग ने आज राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में जारी की भारी बारिश की चेतावनी, सुरक्षा के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम में कक्षा 12वीं तक के स्कूल बंद।**

*******************

रामगढ़ ज़िले में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता मे दिशा की बैठक का आयोजन हुआ जिस में उन्होने विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर सांसद ने आंगनबाड़ी और पीएचईडी विभाग की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए इन्हें प्रदर्शन में पिछड़ा बताया। वहीं माइनिंग विभाग द्वारा कोयला चोरी पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उन्होने कहा कि सभी समस्याओं को विभागवार चिन्हित कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

*******************

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी यह वापसी 18 दिन बाद हो रही है। चारो अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स ड्रैगन से 22 घंटे की वापसी यात्रा कल शुरु की। अनुमान है कि ये अंतरिक्ष यात्री आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे कैलिफोर्निया के तट पर उतरेंगे। एक रिपोर्ट –

*******************

झारखंड सहित कई राज्यों के हाईकोर्टों में मुख्य न्यायाधीशों के तबादले किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस तारलोक सिंह चौहान को झारखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वहीं झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव को त्रिपुरा हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

*******************

गुमला जिले में कल कांग्रेस पार्टी द्वारा गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा जिले के पदाधिकारियों के लिए संगठन सृजन अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि इस वर्ष कांग्रेस संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

*******************

सावन की पहली सोमवारी पर कल राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर समेत खूंटी के बाबा आम्रेश्वरधाम, लोहरदगा और कोडरमा के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। धनबाद में सावन की पहली सोमवारी पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। इधर, देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन की पहली सोमवारी पर दो लाख 26 हजार 264 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया है। आज सुबह पट खुलते ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी है।

*******************

खूंटी पुलिस ने लूटकांड, हत्या और आर्म्स एक्ट से जुड़े तीन अलग–अलग मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूटकांड में चार आरोपियों को बुंडू और मारंगहादा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर उनके पास से 37,500 रुपये नकद और तीन मोबाइल जब्त किए गए। एसपी मनीष टोप्पो ने प्रेस कांफ्रेंस में पूरी जानकारी देते हुए बताया कि सभी मामलों में अलग–अलग टीमों ने प्रभावी छापेमारी कर कार्रवाई की है।

*******************

चतरा जिले में इस वर्ष जून के महीने में हुई रिकॉर्ड बारिश को जलवायु परिवर्तन का नया संकेत माना जा रहा है।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार भारी बारिश को लेकर गढ़वा, पलामू, चतरा, लोहरदगा, कोडरमा और पश्चिमी सिंहभूम जिले रेड जोन में चिन्हित किए गए हैं। इसके मद्देनजर आज पूर्वी सिंहभूम जिले में कक्षा 12 तक के सभी सरकारी, निजी और अल्पसंख्यक विद्यालयों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है। वहीं रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में भी भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

*******************

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के नाम पर एक फर्जी लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अंडर–23 ट्रायल के लिए शुल्क जमा करने की बात कही गई है। जेएससीए प्रबंधन ने इसे पूरी तरह फर्जी बताते हुए क्रिकेटरों और अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि एसोसिएशन द्वारा किसी भी ट्रायल के लिए कोई निबंधन शुल्क नहीं लिया जाता।

*******************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सावन की पहली सोमवारी पर बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को अपनी सुर्खी बनायी है।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है जस्टीस त्रिलोक सिंह चौहान बने हाईकोर्ट के चीफ जस्टीस।

**दैनिक भास्कर** ने मईंया सम्मान योजना में हुए फर्जीवाड़े की जांच अब सीआईडी करेगी की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– राज्यभर में जनवरी से सरकारी विभागों में ई–ऑफिस लागू होगा।

**प्रभात खबर की सुर्खी है–** ओडिशा को हरा झारखंड की बेटियां बनी चैंपियन।

*******समाप्त********